# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510






संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


### दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण समर्पण के साथ पार्टी द्वारा दिए गए कार्य को करना चाहिएः भगवानदास सबनानी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल - भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस की श्रृंखला में सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बुधवार को मानस भवन श्यामला हिल्स पर हुआ। सम्मेलन में विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी पूर्व सांसद आलोक संजय रोजगार निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया और वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए प्रेरक वक्ताव्यो को ध्यान पूर्वक सुना। सम्मेलन की शुरुआत वंदे मातरम् गीत के साथ की गई, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर आपातकाल, जनता पार्टी की सरकार, और फिर भाजपा के रूप में जनसंघ के पूर्वजन्म तक की यात्रा को रेखांकित किया। श्री सबनानी ने कहा कि किस तरह से कांग्रेस की सरकारों ने हमारे नेताओं को परेशान किया और देश में दोहरी नीति बनाकर जनता को बांटने का काम किया, संघ पर नेहरू सरकार ने प्रतिबंध लगाया, जम्मू कश्मीर में 370 लगा कर राज्य को विशेष दर्जा देकर देश को बांटने का काम किया, और समकालीन नेताओं में डॉ भीमराव अंबेडकर जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपमानित करने का काम किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो निशान दो विधान का विरोध किया और एकात्म मानववाद का मूल सिद्धांत दिया, कालांतर में हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेई जी सरकार को भी षड्यंत्रपूर्वक गिरा दिया गया, इस अवसर पर अटल जी ने लोकसभा में जो अपना संबोधन दिया था वह संबोधन प्रत्येक कार्यकर्ता को सुनना चाहिए। पर आज वर्तमान में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है और हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है आज लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ रहे हैं और लोगों का जीवन स्तर सुधार रहा है, मध्य प्रदेश में भी हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में जनकल्याण की कई योजनाएं चल रही हैं जिससे जुड़कर लोग अपने जीवन स्तर में सुधार कर रहे हैं और सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। मैं इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का स्वागत करता हूं। अपने वक्तव्य में पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि कार्यकर्ताओं से अंत्योदय के भाव से कार्य करने का आह्वान किया, और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की, शैलेंद्र शर्मा जी ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अनुशासन के मूल मंत्र को समझाया और अनुशासित होकर काम करने से होने वाली प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के पांचो मंडलों के अध्यक्षों प्रियेश उपाध्याय मुकेश देहाड़े सोनू पालीवाल हेमंत बडगैया पारस नरवरिया के साथ विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा द्वारा राजगढ़ में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक व कार्यात्मक बैठक संपन्न हुई

**राजगढ़**



आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने मंगलवार को आरोग्य भारती राजगढ़ विभाग के दायित्ववान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक व कार्यात्मक बैठक की। इस अवसर पर डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि राजगढ़ विभाग में हमारा कार्य दुरुतगति से चल रहा है। कार्य विस्तार किस प्रकार किया जाए इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में प्रान्त संगठन सचिव श्री मुकेश दीक्षित जी ,प्रान्त सचिव डॉ ओमप्रकाश सोनी जी, पर्यावरण कार्य व नशामुक्ति प्रान्त प्रमुख श्री सुरेश सिंह पंड्या जी, प्रान्त सह सचिव डॉ अभिनव विजयवर्गीय जी सहित राजगढ़ , ब्यावरा, सारंगपुर, के आरोग्य भारती के दायित्ववान कार्यकर्ता-पदाधिकारी बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं के साथ विमर्श कर अगले पूरे वर्ष के कार्यक्रम तय किये व समय समय पर इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठके हों यह भी तय किया गया।

## शाहपुरा मंडल के मंत्री बने विनोद गोस्वामी



**भोपाल हेडलाइन**

भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास जताते हुए विनोद गोस्वामी को दोबारा शाहपुरा मंडल का मंत्री बनाया है भारतीय जनता पार्टी मैं उन्हें दूसरी बार यह दायित्व सोफा है उनको यह दायित्व मिलने पर उनका पुष्प माला से स्वागत किया गया इस अवसर पर न्यू व्यापारी सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सोनी,पत्रकार संतोष योगी, सहित बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## बीज निगम के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी ग्रेच्युटी अवकाश नगदीकरण समयमान वेतन मान के भुगतान को लेकर 21 अप्रैल से धरना प्रदर्शन करेंगे



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई एवं महासचिव अरुण वर्मा ने बताया की आज बीज निगम मुख्यालय मे बीज निगम के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों की बैठक मे सेवानिवृत कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा समयमान वेतनमान का भुगतान नही करने का कड़ा विरोध किया गया महासचिव अरुण वर्मा ने यह भी बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी का भुगतान नही करने कि वजह से बिना इलाज के कई कर्मचारियों कि मृत्यु हो गई है जिसकी वजह से सेवानिववृत अधिकारियों कर्मचारियों मे भारी असंतोष व्याप्त है बैठक मे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि प्रबंधन सेवानिवृत कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण तथा अन्य क्लेम का तत्काल भुगतान करे अन्यथा 21 अप्रैल से बीज निगम मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा इस बैठक मे आर के वर्मा एस एस तिवारी दिनेश साहू आर एन मिश्रा विजय सिंह राजपूत प्रदीप मालवीय सी एम पटेल अशोक नेमा ओम प्रकाश जैन जी के अग्रवाल सहित भारी संख्या मे सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

## 11 अप्रेल को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपाल मैं करेगा प्रदर्शन ( शाम 4:00 बजे)

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला भोपाल द्वारा विगत बर्षो से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपाल को ज्ञापन पत्र के माध्यम से जिले में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं से श्री नरेंद्र अहिरवार जिला शिक्षा अधिकारी को निरंतर अवगत करवाया जा रहा है लेकिन संघ को उक्त कार्यालय से कोरे आश्वाशन के अतिरिक्त कुछ भी हासिल नही हुआ है कर्मचारियों की समस्या जस के तस बनी हुई है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला भोपाल के बरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सुभाष शर्मा के नेतृत्व एवं जिला संयोजक जितेंद्र शाक्य के संयोजन में विशाल घेराब कर कार्यालय में कुम्भकरणीय निद्रा में सो रहें अधिकारी कर्मचारियों को जगाने हेतु दिव्य ध्वनि के माध्यम से जगाने का कार्य विशाल प्रदर्शन के रूप में करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला शिक्षा कार्यालय भोपाल की होगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला भोपाल विभिन्न पत्राचार के माध्यम से कई बार जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल के शिक्षको एवं कर्मचारियों की मुलभुत समस्याओ के उचित निराकरण हेतु कदम उठाये जाने की मांग लगातार की जा रही है लेकिन कोई सकारात्मक पहल विभाग द्वारा नही किये जाने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों में कार्यालय के प्रति रोष व्याप्त है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भोपाल सह संयोजक संदीप जैन आयुष ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक तीन माह में मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की बैठक में परामर्शदात्री समिति के माध्यम से कर्मचारियों की मूलभुत समस्याओ का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश हुए है लेकिन जिला शिक्षा विभाग सहित किसी भी विभाग ने उक्त निर्देश का पालन नही किया है जों कि खेदजनक है ।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर णमो अरिहंताणं के नारो से गूंजमान हुआ शहर महावीर जंयती की पूर्व संध्या पर विभिन्न आयोजित

### महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बोली पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखवाए

सिरोंज। भगवान महावीर जयंती के एक दिन पूर्व बुधवार विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर दिगम्बर जैन बडें मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दिगम्बर जैन नवयुवक मण्डल व दिव्य देशना महिला मण्डल द्वारा नवकार महामंत्र का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें महामंत्र के उपचारण के साथ आकाश भी गुजंमान हो गया। तो वही जैन श्रद्धालुओं ने महामंत्र का जाप पूर्ण श्रद्धा के साथ संगीतमय नवकार मंत्र के प्रात काल दिगम्बर जैन बडें मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1008 भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर विश्व के अनेको देशो सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष के समस्त जिनालय व सार्वजनिक स्थानो पर पंचपरमेष्ठी भगवान की आराधना करते हुए समस्त जीवन जीवो के कल्याण विश्व शांति समृद्धि एंव अहिंसा की स्थापना की भावना के साथ णमोकार मंत्र जाप में पुण्यार्जन करने वाले समस्त सदस्यों के पुण्य की अनुमोदना की। दिव्य देशना महिला मण्डल



की अध्यक्ष बोली,पहला नारा जैन हो - इस अवसर दिव्य देशना महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बगरोदा ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखवाए। वही उन्होने कहा कि आने वाले 10 अप्रैल को देवा धी देव महावीर स्वामी जन्म कल्याणक की समाजजनो को बधाई देते हुए कहा कि महावीर जयंती पर सभी समाजजन एक छोटा सा नियम ले। हमसे व अपने नाम के साथ जैन शब्द आवश्यक रूप से लगाए। अगर आप भगवान महावीर स्वामी के अनुयाई है तो अपनी पहचान मत छुपाओं और पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखाए।

## जमना जैसानी फाउंडेशन ने केंद्रीय मंत्री दुर्गादास को सौंपा ज्ञापन देते समय जमना जैसानी फाउंडेशन के शांति कुमार जैसानी ने कहा कि हरदा हित के लिए यह कार्य जरूरी है जिससे आम व्यक्ति को फायदा मिलेगा



**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**

मांग इस प्रकार हरदा से संदलपुर रेल लाइन की स्वीकृति कर जल्द रेल लाइन शुरू की जाए,जिससे व्यक्ति पढ़ाई,इलाज ,खरीदी कर सकेगा हरदा से हजारों श्रद्धालु बाबा अमरनाथ की यात्रा करते है पर वह जाने के लिए मेडिकल फार्म एवं परमिट के लिए रिजर्वेशन हरदा मैं शुरू किया जाए हरदा मै सचखंड,कर्नाटक,दानापुर अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस रानी कमलापति डेली का स्टॉपेज एवं नागपुर पैसेंजर को शुरू की जावे हरदा नगर में स्टेडियम की स्वीकृति हो चुकी है और खंडवा रोड पर बस स्टैंड के पीछे लगभग 4 एकड़ जमीन पर स्टेडियम बनाया जाए हरदा मै नेहरू स्टेडियम सहित 32 पार्क में सांसद निधि से ओपन जिम लगवाई जाए ज्ञापन देते समय जमना जैसानी फाउंडेशन के शांति कुमार जैसानी,गोविंद भाई ,धर्मेन्द्र राठौर,पूर्व विधायक संजय शाह, नगरपालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया , जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा,देवीसिंह सिंह सांखला ,राधेश्याम डूडी,छोटू पटेल,लीलाधर बांके सहित अन्य मौजूद रहे

## नगर परिषद जैतहरी में सर्वसम्मति से पारित हुआ 2025-26 का बजट, अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की कार्यकुशलता की हुई सराहना

जैतहरी, नगर परिषद जैतहरी की परिषद सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी उपस्थित पार्षदों ने भाग लिया और नगर के सर्वांगीण विकास हेतु प्रस्तुत बजट का समर्थन करते हुए इसे पारित करने की स्वीकृति प्रदान की। बैठक के दौरान बजट प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें नगर के पिछले वर्ष के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी पार्षदों ने बीते वर्ष में हुए सड़कों के निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, जल आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विस्तार जैसे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष में नगर के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी। बजट में स्वच्छता, शिक्षा, जल निकासी, हरित क्षेत्र विकास, डिजिटल सुविधा विस्तार और युवा कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सम्मिलित किया गया है। अध्यक्ष श्री उमंग अनिल गुप्ता ने सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पारित बजट के अंतर्गत प्राप्त निधियों का पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर सदुपयोग करते हुए नगर परिषद जैतहरी को एक आदर्श नगर परिषद के रूप में स्थापित किया जाएगा। बैठक में सीएमओ भूपेंद्र सिंह, नगर परिषद कर्मचारी, उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर नगर के समेकित विकास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का संकल्प लिया। यह सर्वसम्मति से पारित बजट न केवल नगर परिषद जैतहरी के सुशासन का प्रतीक है, बल्कि नागरिकों की उम्मीदों और अपेक्षाओं पर खरा उतरने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## मुख कैंसर जागरूकता कार्यक्रम, मरीजों को दी गई जानकारी



भोपाल। मुख कैंसर जागरूकता अभियान के दौरान केयरिंग फॉर इंडिया और पीपल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस के द्वारा मुख कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन टिम्बर मार्केट, छोला में किया गया जिसमे टिम्बर मार्केट, शंकर नगर, नवजीवन कॉलोनी और सुन्दर नगर बस्ती के लोगों की जाँच एवं उपचार सम्बंधित जानकारी दी गई। इसमें दंत चिकित्सक, प्रोफेसर एंड एचओडी डॉ. प्रीति नायर उनके साथ बीडीएस, एमडीएस विधार्थियों ने सेवाएं दी।

लोगों को कैंसर के जोखिम, कारण और शुरुआती स्क्रीनिंग के फायदों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि मुंह का कैंसर होंठ, मसूड़े, जीभ, गालों की अंदरूनी परत, मुंह की छत और तल को प्रभावित कर सकता है।